F.Y.B.A.(SEM- II) (March-2023)

Hindi Compulsory - II

Q.P. Code:00000036

[समय: ३ घंटे] [पूर्णांक : १००]

कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं |

सूचनाए: **१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं |
3. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |

प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए | **(३०)**

(क) "दूसरों के कंधे पर
अन्धो की जमात में
अपंगो का अभिनय ?
कटवा दो अपनी टाँगे
टाँग दो दरख्तों पर
नंगापन पतझर का
कुद् ती ढक जाएगा |"

अथवा

"बिम्ब नहीं
प्रतीक नहीं
तार नहीं
हरकारा नहीं
मैं ही कहूँगा
क्योंकि मैं ही
सिर्फ मैं ही जनता हूँ |"

(ख) "इस स्थिति में बुआ को अपनी जिंदगी पास पदोंस्वलों के भरोसे ही काटनी पड़ती थी | किसी के घर मुंडन हो, छठी हो, जनेऊ हो, शादी हो या गमी, बुआ पहुँच जाती और फिर छाती फाड़कर काम करती, मानो वे दूसरे के घर में नहीं, अपने ही घर में काम कर रही हो |"

अथवा

"देखिए मैं पकिस्तान में कोई धंधा नहीं करूंगा | एक तो आबिदा वहाँ जाएगी नहीं, दूसरे अब तो बुशरा का भी सोचना पड़ता है | और तीसरा यह कि अपना तो सारा मुल्क ही कर्पटीयो का मारा हुआ है|. . . . ऊपर से नीचे तक सब करप्ट अगर हम दोनों को मिलकर कोई काम शुरू करना है तो यहीं इंग्लैंड में रहकर करना होगा|"

प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(२०)**

(च) 'बात बोलेगी' कविता में कवि वर्तमान काल की दीनता, निर्धनता और बौद्धिक दरिद्रता का चित्रण करते है | स्पष्ट कीजिए |

अथवा

'किस्सा जनतंत्र' कविता में कवि धूमिल देश के जनतंत्र पर एक गहरी आलोचनात्मक टिप्पणी करते है | इस कथन पर प्रकाश डालिए |

(छ) 'सिक्का बदल गया' कहानी का संदेश अपने शब्दों में लिखिए |

अथवा

गणपति और गणनायक के बीच हुए संवाद का विस्तृत वर्णन कीजिए |

प्रश्न ३. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए | **(१०)**

(प) 'बसंती हवा' कविता का मूल भाव |

अथवा

'चल पड़े जिधर दो डग, मग में' कविता महात्मा गांधी को समर्पित है |

(फ) 'घुस पैठिये' कहानी की मुख्य समस्या |

अथवा

'दलित ब्राह्मण' कहानी के तीनों पात्रों का संवाद |

प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | **(१०)**

१. 'वैतरणी करोगे पार' कविता में अपंगो सा अभिनय कौन करता है ?

२. 'कहाँ तो तय था चिरागा हर एक घर के लिए' गजल में किसे सम्बोधित किया गया है ?

३. 'चल पड़े जिधर दो डग मग में' कविता में राष्ट्र कवि का सम्मान किसे मिला ?

४. 'हम दीवानों की क्या हस्ती' कविता में कवि जीवन के प्रति कौनसा दृष्टिकोण रखते है ?

५. 'विद्रोहिणी' कविता में कवयित्री के अनुसार स्त्री किसकी बैसाखी के सहारे चल रही है ?

६. गजाधर बाबु को दोबारा कहाँ नौकरी मिली ?

७. सोम बुआ के पास पुत्र की एकमात्र निशानी क्या थी ?

८. 'सिक्का बदल गया' शेरा का पालन - पोषण किसने किया ?

९. 'गदल' कहानी में डोडी किसका जाना न सह सका ?

१०. 'घुसपैठिये' कहानी में सुभाष सोनकर का अंतिम संस्कार कहाँ किया गया ?

प्रश्न ५. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए | **(१०)**

१. शिक्षा और तकनीकी

२. साहित्य और समाज

३. बेरोजगार की समस्या

४. सोशल मीडिया का समाज पर बढ़ता प्रभाव

प्रश्न ६. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(१०)**

(य) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए |
अ) परिचायक, आ) देवी, इ) आचार्य, ई) कबूतर

(र) निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तन कीजिए |
अ) मामा, आ) साधू, इ) कमीज, ई) पुस्तक

(ल) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची और विलोम शब्द लिखिए |
पर्यायवाची - अ) कमल, आ) गंगा
विलोम शब्द - इ) उत्थान, ई) नवीन

(व) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए |
अ) गंगा नहाना, आ) राई का पहाड़ बनाना, इ) अपना ही राग अलापना, ई) पत्थर की लकीर

प्रश्न ६. (ब) निम्नलिखित अवतरण का पल्लवन कीजिए | **(१०)**

"जो स्त्री देश को तेजस्वी, नीरोग और सुशिक्षित संतान भेंट करती है, वह भी सेवा ही करती है |"

****